>

Title: Need to construct a pedestrian subway at Delhi Cantonment Railway Station to facilitate movement of pedestrians-laid.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजधानी दिल्ली कैंट में एक रेलवे स्टेशन है और दूसरी तरफ मायापुर फेस-1 में लगभग 10 लाख लोग रहते हैं । इस रेलवे स्टेशन में लोगों को रिजर्वेशन कराने के लिए रेल पटरियों को पार करके आना-जाना पड़ता है । इससे यहां पर हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, क्योंकि इस स्टेशन के आस -पास कोई भूमिगत व उपरिपार पथ नहीं है । जिससे यहां की जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है ।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार को इस संबंध में तुंत कार्यवाही करने को निर्देश जारी करें जिससे यहां पर अतिशीघ्र पैदल पार पथ का निर्माण हो सके तथा जनता की सुरक्षा की जा सके ।